हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 10 दिसंबर 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# बोर्ड परीक्षा के लिए दो नए सेंटर बने, पांच किमी के दायरे में बनाए जाएंगे सभी केंद्र!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

सीबीएसई के साथ ही अब माशिमं ने भी दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी है। छात्रों के पंजीयन के बाद अब जिलेवार परीक्षा केंद्रों की संख्या भी तय कर दी गई है। जिले में इस बार दो नए केंद्र बनाए गए हैं। हालांकि दो केंद्रों को हटा भी दिया गया है। जिसके चलते परीक्षा केंद्र की संख्या 88 ही रहेगी। हालांकि माशिमं ने यह निर्देश दिए हैं कि सुबह परीक्षा को देखते हुए पांच किलोमीटर के दायरे में परीक्षा केंद्र बनाए जाए। जिससे शहर सहित ग्रामीण इलाकों में भी बच्चे समय पर केंद्र तक पहुंच सके।

## जिले में वेसलियन और देवानंद जैन स्कूल को बोर्ड परीक्षा केंद्र की सूची से हटाया गया

### ग्राउंड फ्लोर में बनाए परीक्षा केंद्र

माशिमं ने अपने निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई स्कूल दो या तीन मंजिला है तो कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा कक्ष केवल ग्राउंड फ्लोर पर ही बनाए जाएंगे। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों की दूरी और उपलब्ध संसाधनों का विस्तृत ब्यौरा भी जिलों से मंगाया गया था। परीक्षा केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं को लेकर भी खास जोर दिया गया है। माशिमं ने कहा है कि बालक और बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो।



### यह दो नए केंद्र बनाए गए

जिले में दो नए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें बाघनदी एवं सलोनी स्थित स्कूलों को नया केंद्र बनाया गया है। वहीं शहर की वेसलियन स्कूल और देवानंद जैन स्कूल को परीक्षा केंद्र की सूची से हटा दिया गया है। ज्ञात हो कि शिक्षा विभाग जिन स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया जाना है, वहां विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा, साफ-सफाई और पेयजल की स्थिति की जानकारी भी मांगी गई है। इसके साथ ही केंद्रों में उपलब्ध स्टाफ, कक्षों की संख्या, औसत बैठक क्षमता, फर्नीचर की स्थिति और परीक्षा हाल की क्षमता की विस्तृत रिपोर्ट भेजने के निर्देश जारी किए गए हैं।

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश शिक्षा महकमे ने सभी जिलों से नए परीक्षा केंद्र को लेकर आवेदन मंगाए थे। वहीं जिन परीक्षा केंद्रों को हटाना है, उसकी भी सूची मंगाई थी। जिसके बाद हाल ही में स्वीकृति को लेकर सूची जारी कर दी गई है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां तेज कर दी है। बताया गया कि हाल ही में माशिमं ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर परीक्षा केंद्रों के निर्धारण और आवश्यक संसाधनों के संबंध में विस्तृत गाईड लाइन जारी किया है। इसमें कहा गया है कि परीक्षा केंद्र अधिकतम पांच किलोमीटर के दायरे में ही बनाए जाएं, ताकि परीक्षार्थियों खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को सुबह के समय होने वाली परीक्षा में पहुंचने में कोई परेशानी न हो।

## नक्सल संगठन का सीसी मेंबर रहा रामधेर

# आत्मसमर्पण के बाद अब रामधेर से केंद्रीय एजेंसियां करेंगी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एमएमसी जोन में नक्सल गतिविधियों में सबसे बड़े नाम में शामिल रहे संगठन के सेंट्रल कमेटी के मेंबर रामधेर ने अपने अन्य 11 साथियों के साथ सरकार के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। नक्सल लड़ाई के दृष्टिकोण से एमएमसी जोन के लिए यह बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। ऐसे में अब रामधेर से नक्सल संगठन की खुफिया जानकारी निकालने का काम किया जाएगा। बताया गया कि सेंट्रल एजेंसियां नांदगांव में दस्तक देकर रामधेर से पूछताछ कर सकती है। जिसको लेकर तैयारियां भी स्थानीय स्तर पर कर ली गई है।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले ही पुलिस के समक्ष हथियार डालकर मुख्यधारा में वापस लौटे सीसी मेम्बर रामधेर 11 नक्सल सदस्यों के साथ आत्मसर्पण किया। एमएमसी जोन में अब नक्सलियों की संख्या गिनती की रह गई है। केंद्रीय एजेंसियों का रामधेर से पूछताछ करने के पीछे मकसद देश की अंदरूनी सुरक्षा चुनौतियों से जुड़ी हुई है। नक्सल संगठन के शीर्ष पद पर कार्यरत रामधेर न सिर्फ एमएमसी जोन में, बल्कि उत्तर बस्तर (कांकेर-नारायणपुर) में दशकों तक बतौर टॉप नक्सली लीडर के रूप में सक्रिय रहा है। ऐसे में अबुझमाड़ में नक्सलियों की वर्तमान रणनीति से लेकर एमएमसी जोन में नक्सल संगठन को खड़ा करने में पीछे सक्रिय रहे लोगों के संबंध में भी अहम जानकारी मिल सकती है।



### मुठभेड़ में घायल महिला नक्सली का उपचार

ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश के बालाघाट क्षेत्र में पुलिस व नक्सलियों के बीच गत दिवस मुठभेड़ हुई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस दौरान एक महिला नक्सली घायल हो गई थी जिसे पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए उपचार हेतु जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया है।

### तीन दशक से था एक्टिव

बताया गया कि रामधेर नक्सल संगठन में पिछले लगभग तीन दशक से एक्टिव रहा है। रामधेर नक्सल संगठन में नई भर्ती, तैयार होने वाले लड़ाखु नक्सल युवाओं को एमएमसी जोन के तीन राज्यों में शिफ्ट करने जैसे काम संभालता था। रामधेर से एजेंसियों को महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। यहीं कारण है कि सेंट्रल एजेंसियां भी रामधेर से पुछताछ करने जिले आ सकती है।

### प्रदेश में केवल दो सीसी मेंबर

मिली जानकारी के अनुसार नक्सल संगठन के दो ही सीसी मेंबर शेष रह गए थे। इनमें बस्तर रेंज में एक्टिव हिड़मा और एमएमसी जोन का रामधेर शामिल है। बीते दिनों हिड़मा का मुठभेड़ के दौरान एनकाउंटर कर दिया गया था। वहीं अब रामधेर ने सरकार के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। जिससे सरकार की नक्सल के खिलाफ लड़ाई को भी बड़ी सफलता मिली है।

### 1.05 करोड़ रुपए था ईनाम

मिली जानकारी के अनुसार रामधेर पर एक करोड़ 5 लाख रुपए का ईनाम था। केंद्रीय एजेंसियों ने राज्य सरकार के माध्यम से राजनांदगांव के पुलिस अफसरों से संपर्क किया है। रामधेर की वापसी से एमएमसी जोन अब लगभग खत्म हो गया है। ज्ञात हो कि रामधेर से पहले भी पिछले कुछ दिनों में लगभग तीन दर्जन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इसमें एमएमसी जोन के प्रावक्ता विकास नागपुरे सहित जोन सचिव सुरेंद्र शामिल हैं।

### पड़ोसी राज्यों से भी आएगी टीमें

ज्ञात हो कि नक्सल संगठन एमएमसी जोन को छिपने एवं सामान छुपाने के लिए उपयोग करते आए हैं। ऐसे में नक्सल दृष्टिकोण से भी यह इलाका महत्वपूर्ण रहा है। ऐसे में अब रामधेर के आत्मसमर्पण पश्चात केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र की पुलिस टीम भी पूछताछ के लिए जिला पहुंच सकती है। पुलिस रामधेर के जरिये नक्सल संगठन की कई अहम जानकारी हासिल करने के लिए कोशिश कर रही है। रामधेर के अलावा डीवीसी मेम्बरों से भी पूछताछ की जा रही है।

# आंबा कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



हड़ताल को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि देशभर में न्यूनतम वेतनमान सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका तीन दिवसीय हड़ताल पर हैं। उनके हड़ताल पर जाने से आंगनबाड़ी में ताला लटका हुआ है। मंगलवार को अपने हड़ताल के दूसरे दिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका ने अपनी मांगों के पूरी करने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं बुधवार को एक रैली का आयोजन करते आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं द्वारा प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा।

जिले में ट्रेड यूनियन के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका हड़ताल पर हैं। अपनी 27 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अभी तक कर्मचारी श्रमिक के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं हैं। उन्हें किसी भी श्रम कानून के दायरे में नहीं रखा गया है। जिससे उन्हें श्रम कानून का लाभ नहीं मिल रहा है। वर्ष 2018 से भारत सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय का पुनरीक्षण नहीं किया गया है। विभिन्न राज्यों में उनके वेतन में एकरूपता नहीं है। सेवा के बाद उन्हें कोई सामाजिक सुरक्षा, पेंशन या सेवानिवृत्ति लाभ नहीं दिया जाता है।

**प्रदर्शन के माध्यम से विभिन्न मांगे:** अपने धरना प्रदर्शन के माध्यम से देशभर के सभी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लिए एक समान सेवा शर्तें लागू करने, मासिक धर्म अवकाश देने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को कोई गैर-आईसीडीएस कार्य नहीं देने, कोई बीएलओ ड्यूटी नहीं सौंपने, वाई-फाई सहित सभी सुविधाएं प्रदान करने सहित अन्य मांगे रखी है।कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे आयोजित इस धरना प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने शामिल होकर अपनी मांगे पूरी करने जमकर नारेबाजी की। वही मांगे पूरी नहीं होने पर आगे और उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र मानपुर-मोहला जिला अंतर्गत **अंबागढ़ चौकी** में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, राजनांदगांव — दुर्गा चौक, बांसपाई पारा, राजनांदगांव मो. 9425240405, 7489534456
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर — धमतरी रोड, टिकरापारा रायपुर (छ.ग.) 9098595071, 8370049468

## बारदाने मिले कम धान मिला ज्यादा



**राजनांदगांव।** धान खरीदी के मामले में गड़बड़ियों को दूर करने के लिए कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर प्रशासनिक टीम लगातार मुस्तैद है। वहीं अवैध धान को रोकने सहित धान खरीदी केन्द्रों का भौतिक सत्यापन भी किया जा रहा है। इस दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई भी हो रही है। इसी कड़ी में आज धान खरीदी केंद्र भोथली का भौतिक सत्यापन किया गया। भौतिक सत्यापन में खरीदी केंद्र में 271 नग बारदाने की कमी पाई गई। वहीं 282 कट्टा में 112.8 क्विंटल धान अतिरिक्त पाया गया। इस दौरान प्रशासन की टीम द्वारा अतिरिक्त धान को जब्त किए जाने की कार्रवाई की गई है।

आवश्यकता है
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| | | |
|---|---|---|
| सेल्स मैनेजर | 1. चिचोला | 1 पद |
| सेल्समेन | 1. डोंगरगांव | 2 पद |
| | 2. छुरिया | 2 पद |
| | 3. अंबागढ़ चौकी | 4 पद |

नोट :- आकर्षक वेतन, मोटर साइकिल अनिवार्य.
इंटरव्यू दिनांक : 12.12.2025, स्थान : राजनांदगांव
संपर्क स्थल : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर के बगल में, राजनांदगांव.
9977184777, 8120006476, 9827953976

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय लोक कला महोत्सव 27 से

**पटेवा।** ग्राम इरईकला में आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आगामी 27 से 29 दिसम्बर तक छत्तीसगढ लोककला महोत्सव एवं मड़ई का आयोजन किया गया है। इस वृहद आयोजन में आदिवासी नृत्य, बांस गीत, भरथरी, पंड़वाणी, रामायण, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य, जस झांकी, हास्य व्यंग्य, कवि-सम्मेलन, फाग गीत, नाचा गम्मत, राऊत नृत्य आदि की प्रस्तुति होगी। इसी क्रम 29 दिसम्बर को मंड़ई मेला के अवसर पर अनुराग धारा लोक गायिका कविता वासनिक का कार्यक्रम होगा। आयोजक समिति के अध्यक्ष ललित साहू, श्यामलाल साहू आदि ने क्षेत्र के लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### खेल से बच्चों का चहुंमुखी विकास



**छुरिया।** राम पंचायत पांडेटोला में आयोजित संकुल स्तरीय खेल स्पर्धा का उद्घाटन और खोभा में समापन जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा के आतिथ्य में हुआ। इस दौरान जनपद सदस्य प्रकाश मोटघरे, राधिका चंद्रवंशी, नकुल नेताम, देवदास साहू मौजूद थे। श्री सिन्हा ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण और खेल ध्वज फहराकर शुभारंभ किया गया। श्री सिन्हा ने प्रतियोगिता को शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए कहा कि इससे बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है। इस अवसर पर सरपंच कीर्तन साहू, भीषम शोरी, चमेली ठाकुर, टेकराम साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### भागवत कथा का वाचन 13 से



**मुरमुंदा।** आदर्श प्रगति मंडल, श्री गणेश उत्सव समिति गौठान चौक एवं छोटे मुड़पार के ग्रामीणों के तत्वावधान में आगामी 13 से 21 दिसंबर तक श्रीमदभागवत कथा का आयोजन रखा गया है। भगवताचार्य मुकुंद कृष्ण महराज ग्राम राका कथा का वाचन करेंगे। आयोजकों ने भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है। यह जानकारी धनुष राम कंवर ने दी।

### जानकारी सूचना पटल पर चस्पा



**डोंगरगांव।** निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट की बैठक की गई। बैठक के बाद कार्यवाही विवरण नगर पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर प्रकाशित किया गया।

### धूल से बढ़ी यात्रियों की परेशानी



**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़- खैरागढ़ मार्ग की जर्जर हालत लोगों के लिए मुसीबत बनते जा रही है। सड़क जगह-जगह टूट चुकी है, जिससे वाहनों के गुजरते ही धूल के गुबार उठते हैं। यात्रियों के साथ ग्रामीण लगातार धूल की समस्या से जूझ रहे हैं। रोजाना इस मार्ग से आने-जाने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशान हैं। धूल के कारण सड़क पर दृश्यता कम हो जाती है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। राहगीरों ने बताया कि आंखों की जलन, खाँसी और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्या बढ़ते जा रही हैं। अछोली और आसपास के गांवों के किसानों का कहना है कि धूल उनके खेतों और दुकानों तक पहुंच रही है, जिससे फसल व सामान दोनों प्रभावित हो रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार ग्राहकों का आवागमन भी कम हुआ है। ग्रामीणों ने डोंगरगढ़- खैरागढ़ मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है।

### धान खरीदी का लिया जायजा



**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने विभिन्न धान खरीदी केंन्द्रो में जाकर किसानों से मुलाकात कर धान खरीदी संबंधित जानकारी ली। उन्होंने समिति प्रबंधको को किसानों को पर्याप्त सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी केंद्र मुरमुंदा, उपरवाह का जायजा लिया।

### अग्निवीर का स्वागत



**घुमका।** भटगांव के एकलव्य पटेल पिता दयालू पटेल के प्रशिक्षण प्राप्त गांव लौटने पर ग्रामीणो ने देशभक्ति के नारा के साथ स्वागत किया। स्वागत यात्रा बोटेपार से शुरू होकर भटगांव पहुंची थी। इस यात्रा में सरपंच नेमदास, तीजूराम पटेल, जसवंत पटेल, रोहित पटेल, रूपा पटेल, हीरा पटेल, हिमांशु पटेल आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए। अग्निवीर एकलव्य पटेल की पोस्टिंग पश्चिम बंगाल में हुई है।

### अव्यवस्था पर नाराज हुई विधायक



**पटेवा।** सेवा सहकारी समिति पटेवा के धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंची विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर किया। उन्होंने इस पर कड़ी आपत्ति जताया कि किसानों का ना टोकन कट रहा है और न ही ढंग से धान खरीदी हो रही है। धान का उठाव भी नहीं होने जाम के हालात बन रहे है। अधिकांश किसानों को सप्ताह बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं मिला है, जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर जनपद सदस्य तुलसी साहू, नीलकंठ साहू, पुसऊराम वर्मा, दीपक साहू, कलिंद्री साहू, महेश मंडावी, रतन यादव, रामदिल वर्मा, विरेन्द्र हिरवानी आदि उपस्थित थे।

## शिकायत की अनदेखी पर भड़के कांग्रेसी

# पालिका में गड़बड़ी, कांग्रेस ने चार घंटे तक किया प्रदर्शन

### फिर आंदोलन करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने विधायक हर्षिता स्वामी बघेल की मौजूदगी में नगर पालिका का घेराव कर भ्रष्टाचार एवं राशि के दुरूपयोग पर हल्ला बोला। सीएमओ और इंजीनियर से सकारात्मक जवाब नहीं मिलने के बाद कांग्रेसियों ने अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार के समक्ष कई मुद्दों को रखा। उन्होंने फर्जी भुगतान, सामग्री खरीदी, टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी, समुदायिक भवन के रखरखाव के नाम पर फर्जी भुगतान का मामला प्रमुखता से उठाया।

उल्लेखनीय है कि ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने एक पखवाड़े पहले पालिका पर गई गंभीर आरोप लगाए थे। शिकायत के बाद भी कार्यवाही नही होने पर कांग्रेस ने पालिका अधिकारी पर आरोप लगाते हुए निलंबन की मांग की। कांग्रेसजनों ने मामला दर्ज करने की मांग करते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे अनुविभागीय अधिकारी एम भार्गव ने कांग्रेस के आवेदन में उल्लेखित आरोपों को सुना एवं कागजों का अवलोकन करते हुए विधिवत कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। विधायक और कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराते हुए अधिकारियों पर कार्यवाही करने की मांग की है। कांग्रेस ने शिकायत को नजर अंदाज करने पर घेराव करने चेतावनी दी है।

#### कठघरे में नगर पालिका

कांग्रेस ने वार्ड 9 के समुदायिक भवन में मरम्मत के नाम से 15 लाख का आहरण, डस्टबीन खरीदी में गड़बड़ी, वार्ड 1 के भवन को किराये पर देने, टेंडर, समाग्री खरीदी में गडबडी, कई फाईल के गायब होने, अग्रसेन चौक में संचालित दुकानों को तोड कर दुकानदारो के साथ अन्याय करने, मजदूरों को भुगतान नहीं करने जैसे मुद्दों को रखा है।

#### चार घंटे तक प्रदर्शन

लगभग 4 घंटा चले तक प्रदर्शन के बाद कांग्रेसी ज्ञापन सौंप कर शांत हुए। इस दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, विजय राज चौहान, सुरेश सिन्हा, प्रकाश महानदी, हरीश भंडारी, बबलू शांडिल्य, जितन्द्र सिंह बब्बू, मतिन खान, रिंकु यादव, के विनायक राव, किरण मेश्राम, रेखा खोब्रागडे, सारिका, अमित पांडे, गजेंन्द्र साहू, मनोज साहू, जयकिशोर अंबादे, दिनेश साखरे, बंटी गुप्ता, तरूण फुले, अश्वनी फुले, मोहम्मद सादिक, कैलाश मेश्राम सहित अन्य बडी संख्या में उपस्थित थे।

## किसान कांग्रेस का धान खरीदी केंद्रों में निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला किसान कांग्रेस की टीम ने मंगलवार को धान खरीदी केंद्रों का दौरा कर खरीदी व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान किसानों ने बताया कि खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ाई जा रही है, जिससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब तक मात्र 15 से 20 प्रतिशत धान ही खरीदा गया है। किसानों का कहना है कि जमीन कटौती और सीमित खरीदी के कारण वे सदमे और तनाव की स्थिति में हैं। कई किसानों ने अपनी समस्याएं किसान कांग्रेस की टीम के सामने रखीं। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मुद्दों को उच्च स्तर पर उठाया जाएगा और किसानों के हितों की रक्षा के लिए पहल की जाएगी। दौरे के दौरान रामकुमार पटेल, दीपक वैष्णव जयराम मंडावी सहित किसान कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 14 को एक दिवसीय परिचय सम्मेलन

**राजनांदगांव।** झेरिया यादव समाज संयुक्त जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अं. चौकी का एक दिवसीय सामाजिक एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन, यादव सामुदायिक भवन का लोकार्पण, सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह 14 दिसंबर को डोंगरगढ़ में आयोजित है। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, अति विशिष्ट अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, नवाज खान व अध्यक्षता ज्योतिषराम यादव अध्यक्ष संयुक्त जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर चौकी, विशिष्ट अतिथि सेवकराम यादव प्रदेश संगठन सचिव एवं जिला महामंत्री, मदन यादव सरपंच कनेरी, बिहारीलाल आदि उपस्थित रहेंगे।

## प्रत्येक माह 9 व 24 तारीख को विशेष स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत राजनांदगांव जिले में गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत हाईरिस्क वाली गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच की जा रही है तथा प्रत्येक सप्ताह फोन कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही है। गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी जा रही है एवं प्रसव के 15 दिन पूर्व उनके घर प्रति दिवस मितानिनों द्वारा भ्रमण किया जा रहा है। जिले में विशेष पहल करते निजी संस्थानों से समन्वय कर हाईरिस्क वाली गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। इसके अंतर्गत विधि डायग्नोस्टिक सेंटर में निजी सोनोलॉजिस्ट डॉ. अमित मोदी द्वारा 6 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी जांच की गई। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफल आयोजन से जिले में मातृ मृत्युदर में कमी लाने और सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच, उपचार एवं परामर्श प्रदान करना है। इस अभियान अंतर्गत उन महिलाओं की जांच की जाती है, जिनका पहला प्रसव ऑपरेशन से हुआ हो, पहले गर्भपात या मृत शिशु का जन्म हुआ हो, जिनका वजन व ऊंचाई कम हो, कम उम्र में गर्भधारण किया हो, गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह या किसी अन्य गंभीर बीमारी से ग्रसित हो। महिलाओं हेतु सोनोग्राफी जांच कराए जाने की सलाह दी जाती है। जिससे गर्भवती महिलाओं की निदानिक स्थिति के अनुसार उचित देखभाल संभव हो सके।

## बैठक में अस्पताल की समस्याओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिनकापार में जन आरोग्य समिति की बैठक रखा गया। बैठक में स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. तिवारी ने बताया कि शासन से मिलने वाले बजट को आवश्यकता अनुसार खर्च करना है। बैठक मेंअस्पताल की कमी और मरीजों की जरूरतों पर चर्चा किया गया। जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव रखे।मरीजों की जरूरत को देखते हुए 108 को जरूरी बताया गया। इस मौके पर अपूर्ण बाउंड्रीवाल को पूर्ण करने, स्टाफ के लिए आवास आदि पर विचार कर प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया। जनप्रतिनिधियों ने दवाई,सफाई पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में रामलाल नायक, नरेश सोनी, तारन रजक, जागृत देवांगन, गौरवसिंह ठाकुर, प्रियंका बेद, वेणु जगनायगक, निधि साहु, कमलेश कुलेंद्र शामिल हुए।

## संकुल स्तरीय खेल में पुर्रामटोला स्कूल चैम्पियन

- जन सहयोग से हुआ स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया



संकुल केन्द्र शिकारीमहका में दो दिवसीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन पुर्रामटोला में ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया।

स्पर्धा का शुभारंभ विधायक भोलाराम साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व नपं अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा, प्रकाश मोटघरे, सुखबाई, कनस सिन्हा थे। समापन जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव के आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। विशेष अतिथि विरेन्द्र साहू, प्रकाश मोटघरे, सुखबाई, कनस सिन्हा थे। प्रतियोगिता के माध्यमिक विभाग से पूर्व माध्यमिक शाला पुर्रामटोला के बच्चों ने सामूहिक एवं एकल खेलों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूर्व माध्यमिक शाला शिकारीमहका द्वितीय स्थान पर रही। इसी प्रकार प्राथमिक विभाग में किरगाहाटोला ने प्रथम, प्राथमिक शाला शिकारीमहकाटोला ने द्वितीय स्थान हासिल किया। राहुल कुमार, योगेश्वरी, सागर कुमार ने तीन खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त पर चैंपियन का गौरव हासिल किया। इस दौरान संकुल समन्वयक संतुराम चौरे, रूपेंद्र वैष्णव, राम मनोहर देवांगन, डोमनलाल साहू, पुष्पेंद्र यादव, जनक यदु, महेश यादव, नरेंद्र साहू, अशोक साहू, रवेन्द्र धनपाल, मनीष कुंभकार, हलिमा बेगम कुरैशी, पदमा सेवता, चमेली देवांगन, कौशिल्या कोले, ईश्वरी तारम, आरती दुबे, पुष्पा पिस्दा, पिंगला सिन्हा, सीमा सहारे, देवलाल सिन्हा, कुशल सिन्हा, राधेलाल विश्वकर्मा, मनीराम बंजारे, मोतीराम सिन्हा, यादवराम सिन्हा, जगदीश सिन्हा, किशन निषाद, बिमलाबाई सिन्हा, राजोबाई पटेल, सुखियाबाई सिन्हा, कन्हैयालाल बसु, रामखिलावन चौधरी आदि मौजूद थे। संचालन तुलसी राम मंडावी ने किया।

## पूनम शर्मा अध्यक्ष व मुस्कान दुबे बनीं सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया





सर्व ब्राह्मण समाज परिक्षेत्र छुरिया महिला मंच का गठन किया गया। महिला मंच में कार्यकारी अध्यक्ष पूनम सुरेश शर्मा चिरचारी कला एवं सचिव मुस्कान चेतन दुबे भोलापुर को मनोनीत किया गया। गठन के मौके पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष टीकम प्रसाद पांडे, अनिल दुबे, मिथलेश दुबे, डॉ प्रकाश शर्मा, आलोक मिश्रा, डॉ राहुल तिवारी, मनीष त्रिपाठी, दिग्विजय शर्मा, प्रहलाद मिश्रा, लखन मिश्रा, शारदा मिश्रा, पवन तिवारी, शंकर दुबे, अभय वाजपेई, नरेश शुक्ला, रविंद्र तिवारी, अंजू पांडे, दिलीप तिवारी, सुरेश शर्मा, अन्नपूर्णा शुक्ला, राजकुमार मिश्रा, पवन तिवारी, रूखम पांडे, रमेश तिवारी, बलराम तिवारी, दीपक तिवारी, राजेश तिवारी आदि मौजूद थे।

### लाटमेटा में खेल भवन के लिए उपमुख्यमंत्री ने की 30 लाख की घोषणा

# राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में दुर्ग का दबदबा

### बालक-बालिका वर्ग के 750 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

राज्य स्तरीय जूनियर बालक बालिका खो खो प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन लाटमेटा नावटोला में किया गया। प्रतियोगिता में 52,बालक- बालिका खो खो टीमों के 730 खिलाडियों, कोच, मैनेजर, 50 टेक्निकल ऑफिशियल्स निर्णायक, सलेक्शन कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। योजन के पहले दिन स्पर्धा का शुभारंभ विधायक भोलाराम साहू ने किया। अध्यक्षता सरपंच नरेश शुक्ला ने की। विधायक श्री साहू ने ग्रामीणों की मांग पर 5 लाख कला मंच और 5लाख सीसी रोड के लिए देने की घोषणा की। बालिका वर्ग का सेमीफायल मैच दुर्ग और राजनांदगांव, दुर्ग कारपोरेशन और भिलाई इस्पात संयंत्र , बालक वर्ग का सेमीफायनल दुर्ग और बलौदा, काँकेर और दुर्ग कारपोरेशन के मध्य खेला गया। बालिका वर्ग में, दुर्ग जिला और दुर्ग कार्पो, और बालक वर्ग में दुर्ग जिला और काँकेर ने जीत कर फायनल में जगह बनाई।फायनल मुकबला में रोमांचक खेल हजारों दर्शकों को देखने को मिला। उतार चढ़ाव के बीच दुर्ग जिला ने बालक बालिका वर्ग में विजेता खिताब पर कब्जा किया।बालिका में तीसरा स्थान राजनांदगांव और चौथा स्थान भिलाई इस्पात संयंत्र, बालक वर्ग में तीसरा स्थान दुर्ग कार्पोरेशन और चौथा स्थान बालोद जिला ने प्राप्त किया।

इस दौरान कमलजीत अरोरा, भगत सोनी, आलोक श्रोती, धर्मेंद्र मौर्य, सचिन डोंगरे, फ़रीज रहमान, जफर सिद्दकी, मुरली, नरेश, शेष कोसमा, राजकुमार, भारत कोटेलकर, नारद साहू, मोहनलाल ध्रुव, चन्द्रप्रकाश साहू, विक्रांत शुक्ला, समीर शुक्ला, महेंद्र शुक्ला, संतोष शुक्ला, शुभम शुक्ला, राज लोटन दीक्षित, यामिनी साहू, देवेश्वरी भुआर्य, मोहन पटेल, सरिता यदु, महेश ऊईक, कमलेश राणा, माहरू यादव, चन्द्रभान गोर्रा, गुमान कंवर, संदीप साहू, देवेंद्र यादव, मनोज कुमार, रामकुमार, आशीष, मनीष, पंकज, करण, गिरधर, गणेश्वर, सरिता गोर्रा, अंजनी कंवर, लक्ष्मी निषाद, मधु शुक्ला, सीमा शुक्ला, द्रोपती भुआर्य, प्रेम यादव, चंदन यादव, भारत साहू, टीकम राम, गौकुल राम, जीवन कंवर, दाऊ लाल, खम्हनलाल, प्यारेलाल, उमेंदीराम, उमेन्द्र यादव, नारायण, महेन्द्र कमलेश राणा, प्रीति पटेल, समृद्धि यादव, ऐश्वर्या यादव, रीना मंडावी, मोनिका, प्रेरणा, देविका आदि ने सक्रिय सहयोग दिया। अंत में छत्तीसगढ़ खो खो संघ के महासचिव,तरुण शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



#### जनसहयोग से आयोजन

खिलाडियों के भोजन, आवास, मैदान, पुरुस्कार की व्यवस्था ग्रामवासियों के अलावा शुक्ला परिवार, धर्मेंद्र मौर्य प्रबंधक तिरुपति राइस मिल के सहयोग से किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की ओर से विनर ट्रॉफी दिया गया। आयोजन के दूसरे दिन सांसद संतोष पाण्डेय ने कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने मैदान में लाईट व्यवस्था के लिए 7 लाख, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने प्राथमिक शाला में मंच निर्माण के लिए दो लाख की घोषणा की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव थे। अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव ने की। इस दौरान जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव, कोमलसिंह राजपूत, डॉ नीरेंद्र साहू, रविन्द्र वैष्णव, हिरेन्द्र साहू, हिरदेराम देवांगन, नरेश शुक्ला, रूपनारायण शुक्ला मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने खो खो संघ के महासचिव तरुण शुक्ला, सरपंच नरेश शुक्ला और ग्रामीणों की मांग पर खेल भवन के लिए 30 लाख की घोषणा की। उन्होंने मुख्य मार्ग से लाटमेटा,पहुँच रोड के निर्माण का बजट में शामिल करने, लाटमेटा को खेल ग्राम घोषित करने की प्रक्रिया में आगे बढ़ाने की घोषणा की।

#### विजेता खिलाड़ी पुरस्कृत

विजेता टीमों 11- 11 हजार सरपंच नरेश शुक्ला, केवरादेवी शुक्ला, द्वितीय को सात- सात हजार मधुरानी शुक्ला, शुभम शुक्ला, समीर शुक्ला, ब्रजलाल मालती, तृतीय को पांच- पांच हजार मिडिल, प्राथमिक शाला स्टाफ, चतुर्थ को तीन- तीन हजार सुनीता छनकु राम मेरिया, सरिता चन्द्रभान गोर्रा, पंचम राज मिस्त्री ग्रुप की ओर से दिया गया। इस दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को 11-11 सौ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिसमे बेस्ट डिफेंडर मोनिका, वेदप्रकाश, बेस्ट चेंजर तारणी, प्रकाश कुमार, बेस्ट ऑलराउंडर मानसी, शशांक, शामिल थे। उपसरपचं कामता साहू ने प्लेयर्स ऑफ टूर्नामेंट का पुरस्कार चुम्मन लाल कांकेर को प्रदान किया।

## सार समाचार

### समाज व युवाओं में जागरूकता लाने का आह्वान



**राजनांदगांव।** झेरिया यादव समाज ने विवाह में होने वाले अनावश्यक खर्च पर रोक लगाने एवं समाज व युवाओं में जागरूकता लाने का आह्वान किया। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष चेतन यादव ने युवाओं से अपील की कि झेरिया यादव समाज महानगर राजनांदगांव द्वारा आयोजित बैठक में आज-कल विवाह समारोहों में होने वाले अनावश्यक खर्चों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। समाज में दिखावा, प्रतिस्पर्धा के कारण विवाह जैसी पवित्र परंपरा आज आर्थिक बोझ का कारण बनती जा रही है। यह स्थिति विशेष रूप से मध्यम एवं कमजोर आर्थिक वर्ग के परिवारों के लिए अत्यंत कष्टदायक साबित हो रही है। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष चेतन यादव ने युवाओं एवं सभी वर्ग से अपील करते कहा कि वे विवाह आयोजनों को सरल, सादगीपूर्ण एवं सामाजिक मूल्यों पर आधारित बनाएं। अनावश्यक खर्च को कम करना केवल आर्थिक बचत नहीं, बल्कि यह समाज में समानता, सहयोग एवं संवेदनशीलता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### संस्कारधानी के खिलाड़ियों ने जीते 43 पदक



**राजनांदगांव।** ऑल इंडिया ओपन कराते चैम्पियनशिप दुर्ग में संस्कारधानी के खिलाड़ियों ने 43 पदक जीते। संस्कारधानी के कराते खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ के लिए 22 स्वर्ण, 12 रजत एवं 9 कांस्य पदक जीता। अखिल भारतीय ओपन कराते चैम्पियनशिप दुर्ग में 6 एवं 7 दिसंबर को सेक्टर-9 महिला महाविद्यालय सेक्टर-9 भिलाई में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम में राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल कस्तूरबा महिला मंडल राजनांदगांव के 25 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर 22 स्वर्ण, 19 रजत एवं 09 कांस्य पदक सहित कुल 43 पदक जीतने में सफलता प्राप्त की है। उक्त स्पर्धा में भाग लेने वाले विजेता खिलाड़ियों को छग टूरिज्म बोर्ड अध्यक्ष नीलू शर्मा, महापौर मधुसूदन यादव समेत शिहान मुरली सिंह भारद्वाज, सेंसाई कमल पूजन, दुर्गेश त्रिवेदी, सतीश पदम, अंबर सिंह भारद्वाज, शीला कोठारी, शारदा तिवारी, सरस्वती माहेश्वरी, साधना तिवारी, करण साहू, दुर्गेश साहू, तरुण साहू ,जयदीप सिन्हा, भास्कर साहू, पुरविल साहू, मोनिका पाढ़ी एवं अन्य ने शुभकामनाएं दी।

### रिद्धी-सिद्धी कालोनी पहुंच महापौर ने लिया जायजा



**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव वार्ड नं. 45 स्थित रिद्धी-सिद्धी कालोनी पहुंचकर पार्षद डुरेन्द्र साहू के साथ कालोनीवासियों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने कालोनी के एक क्षेत्र में पानी की समस्या के संबंध में चर्चा कर समाधान करने उप अभियंता अनुप पांडे को निर्देशित किया। रिद्धी-सिद्धी कालोनी में फेस 1 व 3 में पानी सप्लाई हो रही है, किन्तु फेस-2 में पानी की समस्या आ रही है। जिसके लिए कालोनीवासियों ने महापौर यादव से पाईप लाइन विस्तार करने मांग की थी। मांग अनुसार कालोनी के अंदर पाईप लाइन विस्तार किया गया, परंतु पाईप लाइन मेन लाइन से नहीं जुड़ने से पानी की समस्या यथावत है। इसी समस्या पर महापौर का ध्यान आकृष्ट कराया गया। इस पर महापौर यादव ने कालोनी का पार्षद एवं निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फेस-2 में पानी समस्या के संबंध में कालोनीवासियों से चर्चा की गई। महापौर यादव ने तकनीकी अधिकारियों से पानी समस्या का निराकरण करने मेन लाइन से पाईप लाइन जोड़ने सर्वे कर कार्रवाई करने उप अभियंता को निर्देश दिए।

### चिखली बस्ती में हवन कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव।** हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा मंगलवार को चिखली बस्ती में विशाल हिंदू सम्मेलन के निमित्त सर्व समाज मांगलिक भवन मैदान में भूमिपूजन एवं हवन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समिति के संयोजक एवं संजीवनी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. राघव वर्मा, सह-संयोजक मुरली भारद्वाज समेत अभयराम, राजेश ताम्रकार, शिव श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास, आशुतोष लहरिया, अनीश बोरकर व अन्य लोग शामिल थे।

### वाद-विवाद, पुलिस ने की कार्रवाई



**राजनांदगांव।** वाद-विवाद व गाली-गलौज करने के मामले में पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्रांतर्गत 9 दिसंबर को ग्राम झालाटोला में अनावेदक द्वारा वाद-विवाद करने की सूचना पर थाना स्टॉफ मौके पर पहुंचकर देखा कि चंद्रशेखर उर्फ चंदू साहू 37 साल निवासी झालाटोला थाना छुरिया द्वारा मोहल्लेवासियों को गाली-गालौज कर रहा था, जिसे मौके पर पुलिस व आसपास के लोगों द्वारा समझाने का प्रयास किया गया, परंतु अनावेदक समझने राजी न होकर और अधिक उत्तेजित होकर वाद-विवाद व मारपीट पर उतारू हो गया था, जिसे धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होने से अनावेदक को गिरफ्तार किया गया तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनावेदक के विरूद्ध धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट छुरिया के समक्ष पेश किया गया।

## निधन

### कांति वैष्णव



**राजनांदगांव।** ग्राम चांदो निवासी श्रीमती कांति वैष्णव का लंबी अस्वस्थता के चलते 80 वर्ष की आयु में 8 दिसंबर को निधन हो गया। जिनकी अंत्येष्टि 9 दिसंबर को गृहग्राम में हुई। श्रीमती वैष्णव अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई । ज्येष्ठ पुत्र विनय कुमार दास, बसंत कुमार दास, शरद कुमार दास एवं पुत्री विद्या वैष्णव सहित अन्य लोग अंत्येष्टि में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# किसानों को छोड़ सीमेंट प्रबंधन के साथ खड़ा है प्रशासनः गिरवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भूपेश सरकार के दौरान खुली नीलामी सहित सारी प्रक्रिया को देखकर चुप रहने वाले कांग्रेसी नेता भी अब इस विषय को लेकर खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। उनकी उस समय की चुप्पी को लेकर सवाल करने पर उनका कहना है कि उस समय की प्रक्रिया को लेकर उन्हे जानकारी नही थी लेकिन अब क्षेत्र और किसानो के हित को देखते हुए उनका साथ देना आवश्यक है।

पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ने तो सीधे सीधे जिला प्रशासन के मुख्यिा को कटघरे मे खड़े करते हुए कहा कि पांच हजार से उपर किसान 6 दिसंबर को उनके छुईखदान आने की मांग को लेकर घंटो एसडीएम आफिस में बैठे रहे लेकिन कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल नही आए और 8 दिसंबर को अपना सारा काम काज छोडक़र सीमेंट कंपनी के अधिकारियो के साथ मीडिया से रूबरू हो रहे है। गिरवर जंघेल ने जिला प्रशासन की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए कहा कि बीते सालभर से किसान ज्ञापन देते आ रहे है लेकिन जिम्मेदार मौन रहे और अब किसान हितो की अनदेखी कर कंपनी के सहयोगी बन रहे है। कांग्रेस शासन काल मे स्वीकृति को लेकर भी अपनी बात रखते हुए उन्होने कहा कि बीते सात आठ सालो से सर्वे चल रहा था लेकिन इलाके के किसी भी जानकार को इससे दूर रखा गया और दो साल पहले भी केंद्र सरकार के विभाग ने ओपन टेंडर की भूमिका निभाई है। तत्कालीन प्रदेश सरकार इस पूरी प्रक्रिया मे कही शामिल नही है। किसानो के विरोध को जन आंदोलन बताते हुए कहा कि यह स्वस्फूर्त वर्तमान और भविष्य को लेकर चिंतित किसानो का समूह है जो अपनी माटी और बच्चो के भविष्य को लेकर किसी प्रकार का सौदा नही करना चाहते। आंदोलन को कंपनी के दलालो ने बदला उपद्रव में पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ने कहा कि सीमेंट प्लांट की स्थापना को लेकर सरकारी नुमांइदे हर हथकंडा अपना रहे है। किसानो को बरगला कर उनकी जमीन खरीदी और अब जब किसान जमीन बेचने को राजी नही है तो उन्हें कई प्रकार का लालच, प्रशासन का भय दिखाया जा रहा है।

**कंपनी की पत्रकारवार्ता में कलेक्टर की उपस्थिति पर दागे सवाल**

#### कंपनी ने बिगाड़ा माहौल



श्री जंघेल ने कहा कि तिंरगा हाथो मे लिए किसान अपनी बात सरकार तक रख रहे है लेकिन अन्नदाताओ की हितैषी होने का दावा करने वाली प्रदेश सरकार उनकी महज जमीन नही दिन का चैन, रातो की नींद और बच्चो को भविष्य छीनने को आमदा है। 6 दिसंबर के आंदोलन मे उपद्रव को लेकर भी कहा कि इलाके का किसान शांतिपूर्ण ढंग से लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन कर रहे है लेकिन सीमेंट कंपनी के कतिपय लोगो ने देर शाम आंदोलन मे उन्हे शराब पीलाकर उपद्रव करने भेज दिया था।

#### जनआंदोलन है यहः विधायक



आंदोलन विरोध प्रदर्शन को लेकर विधायक यशोदा वर्मा की दूरी वाली स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह जन आंदोलन है इसमे कांग्रेस या भाजपा नही पूरे इलाके के जनप्रतिनिधि किसानो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जल, जमीन, जलवायु को लेकर चिंतित है और किसी भी स्थिति परिस्थिति मे वर्तमान और भविष्य को लेकर समझौता करने को राजी नही है। जनसुनवाई वाली जगह पर तीन दिन से डटे किसान जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई वाली जगह पर बीते तीन दिनो से सैकड़ो किसान डटे हुए है।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंच से विरोध के बाद प्रशासन ने लिया निर्णय

# 40 गांव के विरोध के बीच श्रीसीमेंट फैक्ट्री की जनसुनवाई स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के संडी, बुंदेली, विचारपुर, भारदागोड़ और पंडरिया क्षेत्र में प्रस्तावित श्री सीमेंट फैक्टरी के लिए 11 दिसंबर को निर्धारित जनसुनवाई को शासन ने फिलहाल निरस्त कर दिया है। इस निर्णय के पीछे किसान सम्मेलन में उठी आवाजों और ग्रामीणों के बढ़ते विरोध को प्रमुख कारण माना जा रहा है।

जनसुनवाई टलने की खबर जैसे ही क्षेत्र में फैली, किसानों और ग्रामीणों में राहत की भावना देखी गई। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार कहा जा रहा था कि चूना-पत्थर खनन और सीमेंट प्लांट की स्थापना से खेती, पेयजल स्त्रोत और पर्यावरण को गहरा नुकसान पहुंचेगा।

#### प्रदेश और जिला स्तर के नेताओं की मौजूदगी

जनसुनवाई के विरोध में आयोजित इस सम्मेलन में क्षेत्र के प्रमुख कांग्रेस नेताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।
मंच पर विशेष रूप से नवाज खान, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास, जिले के दोनों विधायक, वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी, विभिन्न ब्लॉकों के किसान प्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण संगठन शामिल थे।
नेताओं ने कहा कि प्रस्तावित फैक्टरी से हजारों किसानों की उपजाऊ भूमि पर संकट आएगा तथा प्रदूषण से क्षेत्र की आबादी प्रभावित होगी।



#### ग्रामीणों में खुशी, पर पूरी तरह नहीं हटा भय

जनसुनवाई टलने से किसानों में जहां राहत है। वहीं वे अभी भी सतर्क हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि शासन ने केवल अभी के लिए सुनवाई रोकी है, इसलिए यदि भविष्य में फिर से प्रयास किया गया तो इसका और भी कड़ा विरोध किया जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि बिना जनमत और विस्तृत पर्यावरणीय मूल्यांकन के किसी भी प्रकार की औद्योगिक परियोजना को स्वीकार नहीं किया जाएगा। कांग्रेस ने इसे किसानों की एकता की जीत बताया। जिला कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि यह निर्णय किसानों की एकता, जागरूकता और लोकतांत्रिक आंदोलन की जीत है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर उनके हितों की रक्षा के लिए खड़ी रहेगी और आने वाले दिनों में भी इस मुद्दे पर निरंतर निगरानी रखेगी।

#### भूपेश ने मंच से दी थी कड़ी चेतावनी

किसान सम्मेलन के मुख्य मंच से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनसुनवाई का खुलकर और तीखे शब्दों में विरोध किया था। उन्होंने कहा कि "किसानों की जमीन, पानी और जंगल कोई मोल की वस्तु नहीं है। यदि आपकी अनुमति के बिना फैसला लिया गया तो इसका लोकतांत्रिक रूप से कड़ा विरोध होगा। बाहरी लोगों को जनहित के मुद्दों पर हावी होने मत दें।" उन्होंने किसानों को एकजुट रहने का संदेश देते स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर उनकी सहमति के बिना औद्योगिक परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

## गणना प्रपत्र जमा करने का कल अंतिम अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिलेभर में पिछले चार नवंबर से जारी गणना प्रपत्र जमा कराने की अंतिम अवधि में अब महज दो दिन का समय ही शेष रह गया है। यदि बचे हुए मतदाताओं ने अगले 48 घंटे में गणना प्रपत्र अपने बीएलओ के जरिये जमा नहीं कराया तो उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया जाएगा।

बताया गया कि जिले में अब भी लगभग दो हजार ऐसे मतदाता हैं, जिन्होंने गणना प्रपत्र जमा नहीं किए हैं। हालांकि प्रशासन अपने स्तर पर इन मतदाताओं तक पहुंचकर प्रपत्र जमा कराने में जुटा हुआ है, लेकिन यदि 11 दिसंबर तक इनका गणना प्रपत्र जमा नहीं होता है तो इनका नाम हटा दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जिले में लगभग सवा सात लाख मतदाता हैं, इन सभी का गणना प्रपत्र जमा करने के लिए 840 बीएलओ को तैनात किया गया था। अंतिम अवधि से पहले तक 99.9 फीसदी मतदाताओं का गणना प्रपत्र जमा भी हो चुका है। ज्ञात हो कि 16 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। जिसके बाद दावा-आपत्ति के लिए समय दिया जाएगा।

## चिकन मार्केट में वाद-विवाद चाकूबाजी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आपसी विवाद पर चाकू से हमला कर मोपेड को जलाने के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से चाकू बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 8 दिसंबर को रात्रि 8.20 बजे कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि चिकन मार्केट हाट बाजार में एक आरोपी द्वारा आहत को चाकू मारकर उसके स्कूटी को आग लगाया जा रहा है।



#### मोपेड की आग बुझाई

जिस पर पर त्वरित कार्रवाई करते घटनास्थल पहुंचकर कोतवाली पुलिस द्वारा स्कूटी की आग बुझाई गई और हास्पिटल पहुंचकर आहत का हालचाल लेकर घटना की संक्षिप्त जानकारी लिया। प्रार्थी से पूछताछ कर धारा 109, 118 (1), 296, 326(च) बीएनएस एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

#### आरोपी के खिलाफ कार्रवाई

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रभारी कोतवाली नंदकिशोर गौतम व थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में आरोपी बाबू उर्फ मोहित गुप्ता 28 साल साकिन कुंआ चौक नंदई को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। पूछताछ पर जुर्म स्वीकार किया। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक बटनदार चाकू को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर 9 दिसंबर को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

## फुलझर में विहिप-बजरंग दल की बैठक आयोजित

■ बैठक में समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल लगातार हिंदुओं को संगठित कर गांव-गांव में एकता को बल देने का कार्य कर रहा है। जिसमें फुलझर खंड की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विहिप के विभाग मंत्री अनूप श्रीवास, बजरंग दल विभाग सह-संयोजक सुनील सेन, विहीप जिला मंत्री त्रिगुण सदानी की उपस्थित में ग्राम फुलझर समिति का गठन किया गया।

इसमें ग्राम फुलझर विहिप के खंड अध्यक्ष ईश्वर यादव, खंड उपाध्यक्ष किशुन यादव, मंत्री भेवेंद्र साहू, सहमंत्री शिव भार्गव, डलेश्वर साहू नियुक्त किए गए। वहीं युवा शक्ति को जोड़ते बजरंग दल में संयोजक राज यादव, सह-संयोजक दीपेश यादव, संजय यादव, दीपक यादव, गौरक्षा प्रमुख ओमप्रकाश यादव, सह-गौरक्षा अर्पण यादव, विजय यादव, खंड अखाड़ा प्रमुख इलेन्द्र यादव, सह-अखाड़ा प्रमुख पंकज देशमुख, राहुल यादव, साप्ताहिक मिलन प्रमुख मुक्कू यादव, सह-साप्ताहिक मिलन रोहन साहू, धीरज यादव, विद्यार्थी प्रमुख कमलकांत यादव, सह-विद्यार्थी प्रमुख मुकेश देशमुख, परमानंद, सुरक्षा प्रमुख न्यू बंजारे, सह-सुरक्षा प्रमुख सागर साहू, किशोर यादव नियुक्त हुए।

इस अवसर पर तिलक यादव, जितेस साहू, मिलूराम साहू, मुकेश देशमुख, भोला, सागर साहू, यश साहू, मनेंद्र कुमार, उमेश साहू, योगु मेहर, खुमान साहू, रुद्रप्रताप बंजारे एवं नवगठित पदाधिकारियों को ग्राम में संगठन का मुख्य उद्देश्य हर मोहल्ले और हर ग्राम में जाकर बजरंग दल से हर हिन्दू परिवार को जोड़ना, ताकि हिन्दू संगठित और सशक्त हो। बैठक में संगठन के कार्य विस्तार, सामाजिक समरसता, गौ-संरक्षण, युवाओं में राष्ट्रभाव जागरण तथा आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई।

**तीर चलाकर किया उत्साहवर्धन**

## प्रभारी मंत्री यादव ने किया बॉक्सिंग रिंग का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव मंगलवार को विभिन्न आयोजनों में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शहर के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में डीएमएफ फंड से तीरंदाजी के संसाधन और शहर के बक्शी स्कूल में बॉक्सिंग रिंग का उद्घाटन किया।

मंगलवार को जिले के प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव राजनांदगांव में समीक्षा बैठक लेने पहुंचे। उन्होंने यहां जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारी की बैठक में शामिल होकर उन्हें अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी। वहीं शहर के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में तीरंदाजी खेल के प्रशिक्षण को लेकर उन्होंने यहां कई सौगातें दी और तीर चलाकर तीरंदाजी के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



#### खिलाड़ियों की हौसला अफजाई

प्रभारी मंत्री ने शहर के बक्शी स्कूल में डीएफ फंड से निर्मित बॉक्सिंग रिंग का उद्घाटन करते बॉक्सिंग के खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। वहीं जिला पंचायत सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश देते विभागीय कामकाज की समीक्षा की। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

## चैम्पियंस को डॉ.रमन ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आंध्रप्रदेश जिला नंदयाल में आयोजित आईसीएसएफ इंडिया द्वारा तीसरी ऑल इंडिया जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025-26 बालक-बालिका का आयोजन 21 से 24 नवंबर के आंध्रप्रदेश में किया गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से कुल 14 राज्यों की कुल 36 टीमों ने भाग लिया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की भी 4 टीमें व 48 खिलाड़ियों ने अपने खेल का जौहर दिखाया। छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में खिलाड़ियों का चयन राज्य के 6 जिलों से किया गया था।

उक्त आयोजन में अपनी खेल कला का कौशल दिखाते फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी व बैडमिंटन में छत्तीसगढ़ राज्य की टीमों ने भाग लिया व फुटबॉल खेल प्रथम स्थान प्राप्त किया और बैडमिंटन में भी छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह खो-खो एवं कबड्डी में प्रदेश के खिलाड़ियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

उक्त खेल में शानदार प्रदर्शन के उपरांत गृह प्रदेश लौटने पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के सम्मानित अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज अपने निज निवास में सभी खिलाड़ियों का ना सिर्फ सम्मान किया, बल्कि उनका मनोबल बढ़ाते उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान डॉ. रमन सिंह ने दीप सिंह, आशीष राउत, मकरध्वज पटेल को भी सराहा और कहा कि उनकी मेहनत और लगन का ही यह परिणाम है कि आज सफलता मिली है।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202512092200051**

विषय : अ-6 मामले की श्रेणी : राजस्व सन : 2025-2026
डोंगरगढ़ (प. ह. न. 00025) [308(0.9060 हे0) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - आशीष भाई जीवा, कबीर भाई जीवा
अनावेदक पक्षकार - अनिश भाई जीवा, दानिश भाई जीवा

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री आशीष भाई जीवा, कबीर भाई जीवा दोनों पिता स्व. किरण भाई जीवा दोनों निवासी मकान क्रमांक 184 सुभाष वार्ड नम्बर 20 डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि वर्तमान में संबंधित भूमि खसरा नम्बर 308 (शासकीय आबादी भूमि) के अंतर्गत दर्ज है। उक्त भूमि के अन्य हिस्सों पर विभिन्न संस्थाओं एवं व्यक्तियों के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। तथापि जिस हिस्से पर हमारा वास्तविक कब्जा है, उसका उल्लेख वर्तमान अभिलेखों में नहीं किया गया है। आवेदक उक्त भूमि पर 21 मार्च 1991 के दिन से विधिवत उदघाटन कर कब्जा स्थापित है। तब से लेकर आज तक आवेदक निरंतर इस भूमि का रखरखाव, निर्माण कार्य एवं सम्पत्ति कर आदि का भुगतान करते आ रहे है। इस अवधि में किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा हमारे कब्जे पर कोई आपत्ति या विवाद प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतः आवेदित भूमि पर आवेदकगण द्वारा कब्जा दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 22/12/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/12/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
Neelkanth Janbandhu
तहसीलदार
तहसील - डोंगरगढ़ (छ.ग.)


जॉन डियर ट्रैक्टर
वाजिब दाम में उपलब्ध
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™
JOHN DEERE
5050
4WD
सस्ता नहीं
अच्छा लो
क़ीमत नहीं,
गुणवत्ता बताती है
असली पहचान!
5050 D
सबसे आसान फाइनेंस के साथ !
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
अधिकृत विक्रेता
जैन मोटर्स
सभी कंपनीयों के पुराने ट्रेक्टर उपलब्ध।
स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड,
खैरागढ़
ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर के बाजू में, राजनांदगांव- 9827953976
अंबागढ़ चौकी- 7999705353 | मानपुर - 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क-9977184777, 8120006476, 9406011166 | सर्विस- 8120006480, 8120001601

## खबर संक्षेप

### परषोत्तम निषाद को छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक में चयन होने पर ग्रामवासियों ने दी बधाई



**हरिभूमि कुण्डा।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया निवासी परषोत्तम निषाद पिता रामकुमार निषाद का छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक में चयन होने पर ग्राम खम्हरिया के युवाओं ने सामूहिक रूप से श्रीफल, गुलदस्ता व गुलाल लगाकर परषोत्तम निषाद बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया। बताया जाता है कि परषोत्तम निषाद गरीब परिवार से आता है, लेकिन विकट परिस्थितियों से गुजरते हुए अपने संघर्ष और लक्ष्य को कभी नहीं छोड़ा बहुत ही कम उम्र में गांव घर रहकर ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम बहुत ही कम संसाधनों में बेहतर तैयारी करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। जो कि सभी युवाओं के लिए प्रेरणा का विषय है। परषोत्तम निषाद का छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक में चयन होने का यही कारण है निरंतर अभ्यास, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित भाव व दृढ़ संकल्प होकर संघर्ष किया, उनकी कड़ी मेहनत और परिवार का सहयोग से लक्ष्य को प्राप्त किया है। जिस पर ग्राम खम्हरिया के युवाओं में उत्साह और उमंग का माहौल बना हुआ है। जिसमें परषोत्तम निर्मलकर अध्यक्ष जन भागीदारी एवं प्रबंधन समिति नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा, नरेश निषाद, आशीष निषाद, बबलू निषाद, सुभाष रजक, अमन निषाद, नागेश्वर कश्यप, योगेश रजक सहित ग्रामीणजनो ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### ऑल इंडिया ओपन कराटे प्रतियोगिता में कवर्धा के खिलाड़ियों ने जीते 45 पदक




**हरिभूमि कवर्धा।** विगत दिनों भिलाई के महिला महाविद्यालय में 6 एवं 7 दिसंबर को ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमे विभिन्न राज्यों से आए 450 खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर 15 गोल्ड, 8 सिल्वर तथा 22 ब्रांज प्राप्त किया। वहीं कबीरधाम जिले से 30 खिलाड़ी शामिल हुए जिसमें कराटे में प्रथम स्थान नित्या श्रीवास, सुधांशु चंद्रवंशी, अंशिका चंद्रवंशी व द्वितीय स्थान प्रेरणा सिंह, अक्षिका सिंह, डिम्पल राना, मिली सोनी, काव्यांश साहू तथा तृतीय स्थान आराध्या चौहान, कुणाल जायसवाल, लक्ष्य मरावी, विवान चंद्रवंशी, सामर्थ चंद्रवंशी, जयवीर पटेल, घनश्याम निषाद, देवांश पटेल, खुशिलता पटेल, श्रीनीति बैस, अस्तिका चंद्रवंशी, जुनैरा फातिमा, सुचित्रा सिंह, सर्वेश चंद्रवंशी, दामिनी लहरे, दिव्यांशी वर्मा, शैली पाली, वात्सल्या दामले साथ ही कुमिते में प्रथम स्थान दुर्गेश कुशरे, इशांत मरावी, दिव्यांशी कुसरो, शैली पाली, कुणाल जायसवाल, विवान चंद्रवंशी, जयवीर पटेल, प्रेरणा सिंह, नित्या श्रीवास, अंशिका चंद्रवंशी, आराध्या चौहान, काव्यांश साहू व द्वितीय स्थान मिली सोनी, लक्ष्य मरावी, सुचित्रा सिंह तथा तृतीय स्थान जुनैरा फातिमा, अक्षिका सिंह, अस्तिका चंद्रवंशी, वात्सल्या दामले सभी खिलाड़ी पुलिस विभाग के आरक्षक आकाश सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में करपात्री स्कूल में निरन्तर अभ्यास कर रहे है। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जिला कराटे संघ के पदाधिकारी गण, सहायक कोच मनीष निषाद, अजय सलाम, शैली पाली एवं समस्त अभिभावकों एवं खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### कृष्णा ग्रंथालय कुण्डा ब्लॉक स्तरीय श्रेष्ठ लाइब्रेरी में चयनित



**हरिभूमि कुण्डा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा में स्थित कृष्णा ग्रंथालय को पंडरिया विकासखंड के बेस्ट लाइब्रेरी उपयोगिता का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है, यह प्रतियोगिता पंडरिया विकासखंड के समस्त हाई स्कूल व हॉयर सेकेण्डरी विद्यालय के मध्य आयोजित की गई थी जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडरिया द्वारा गठित जांच दल द्वारा विभिन्न बिंदुओं जैसे उपयोगिता, रख-रखाव, सजावट, फोटोग्राफ्स एवं रिकॉर्ड के गहन जांच के आधार पर विकासखंड स्तरीय बाल कौशल स्पर्धा जो कि जंगलपुर में आयोजित किया गया। वहीं समापन अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा प्रदान किया गया, इस उपलब्धि को हासिल करने में संस्था के प्राचार्य जीएस मक्कड़ एवं लाइब्रेरी प्रभारी मनोज चंद्राकर सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। इस लाइब्रेरी का निर्माण ग्राम के समाज सेवक सुरेंद्र सिंह खनूजा द्वारा अपनी माता स्व. कृष्णावंती की याद में किया गया है, सभी ने उनका आभार व्यक्त किया।

### जर्जर सड़क एवं धूल उड़ने से आवागमन बाधित



**हरिभूमि कोलेगांव।** जिले के साथ-साथ विकासखंड पंडरिया के ऐसे कई सड़के है जो जर्जर व बदहाल है। वहीं ग्राम कोलेगांव से रूसे, कोलेगांव से हथमुड़ी सड़क जर्जर व मरम्मत कार्य के अभाव में सड़कों से उठने वाली धूल से लोगों के सेहत पर गहरा प्रभाव पड़ रही है। साथ ही साथ आवागमन करने में ग्रामीणों तथा राहगीरों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोलेगांव से रूसे व कोलेगांव से हथमुड़ी सड़क बद से बदतर तथा सड़कों में जगह जगह छोटे-बड़े गड्ढे होने से दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारों अधिकारियों से मांग कर जल्द से सड़क मरम्मत कार्य तथा टैंकर के माध्यम से पानी डलवाने की अपील की गई ताकि धूल से बच सके व राहगीरों के सेहत स्वस्थ्य बनी रहे तथा आवागमन में सुविधा मिल सके।

### अनदेखी : राम्हेपुर कला पंचायत के तीनों सदन बने अंधरे नगरी चौपट राजा

# नाली जाम-मच्छरों का प्रकोप, जिम्मेदार बेपरवाह, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏩ बरबसपुर

विकासखंड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला में साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में ग्रामीण व रहवासी जन इन दिनों गंभीर बदहाल स्थिति से गुजर रहे है। गांव के हालात इतने बद से बदतर हो चुके हैं कि ग्रामीणों ने इसे अंधेर नगरी–चौपट राजा जैसा बताया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की सड़के, नालियों और मोहल्लों में गंदगी का पसरा फैला है कि लोग तकलीफ झेलने मजबूर हैं। इसके बावजूद ग्राम पंचायत, जनपद तथा जिला पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं। गांव व गली-मोहल्ले में 24 घंटे घरों का गंदा पानी बह रहा, नालियां कचरे से अटे-पटे हुए है।

साथ ही साथ सभी वार्डों में घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़के के बीचों बीच बहने व जल भराव की स्थिति निर्मित होने व नालियों की महीनों तक साफ सफाई नहीं होने तथा कचरा, कीचड़ से उठने वाली बदबू से रहवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जिस पर ग्रामीणों ने पंचायत सचिव से कई बार साफ सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग की गई, लेकिन वे हर बार यह कहकर बात टाल देते हैं कि पंचायत में पैसा नहीं आया है। सचिव की इस लापरवाही से गांव की समस्याएं और बढ़ती जा रही हैं। जिसमें अर्जुन माथुर, पंच अवध बंजारे, पुन्नी बंजारे, गौकरण डहरिया, जगदीश बंजारे, गजरूत पाटले, रमन कुमार कोसले, सुरेश कोसले, रौशन कोसले, राजू लहरे ने जनपद पंचायत के सीईओ व जिम्मेदारों से मांग कर जल्द से जल्द साफ सफाई कार्य करवाएं जाने की अपील की गई ताकि गांव की तस्वीर बदल सकें।





#### बीमारियां बढ़ने की आशंका

मिली जानकारी के अनुसार गांव से सौ मीटर दूर स्थित गौठान मुरूम के अभाव में कीचड़ से लथपथ हो चुका है। पशुओं के साथ साथ ग्राम के लोगों को भी भारी दिक्कतो व परेशानियों साथ ही बीमारियां बढ़ने का आशंका बनी हुई। ग्रामीणों का कहना है कि गौठान का असली उपयोग तो दूर, यहां खड़ा होना भी मुश्किल है।

#### साफ सफाई के अभाव में नालियां जाम

बताया जाता है कि मेन रोड से लगभग दो सौ मीटर आगे स्थित सीसी रोड पर सभी नालिया साफ सफाई के अभाव में पानी जमा हो जाता है। वर्तमान स्थिति में सड़क की हालत हमेशा दलदली रहती है, जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित होता है। वहीं मां दुर्गा मंच से गुरुघासी दास मंदिर तक कचरे का अंबार है। जिस पर ग्रामीण इसे धार्मिक स्थानों के प्रति उपेक्षा का उदाहरण बता रहे हैं।

#### जनपद सदस्य के घर के सामने गंदगी

बताया जाता है कि तालाब मार्ग के बीच स्थित चौराहा, जो पूर्व और वर्तमान जनपद सदस्य के घर के सामने आता है, वहां भी साफ सफाई नहीं होती। ग्रामीण रहवासियों का कहना है कि यदि जनप्रतिनिधि अपने घर के सामने साफ सफाई की चिंता नहीं करते, तो पूरे गांव की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। वार्ड क्रमांक 4-5 तक नालियां जाम, कचरे का अंबार तथा नालियों की साफ सफाई कई महीनों से नहीं की गई। जिससे मच्छरों का प्रकोप चरम पर है।

## बा.चारभाठा में महतारी सदन निर्माण कार्य की मिली सौगात



हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

ग्राम बाजार चारभाठा में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने लगभग 32 लाख रुपए की लागत राशि से निर्मित होने वाले महतारी सदन एवं सांस्कृतिक मंच का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी और छात्राओं को सरस्वती सायकिल योजना के तहत निःशुल्क सायकिल वितरण कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महतारी सदन का निर्माण महिलाओं के स्वावलंबन और सम्मान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस महतारी सदन के माध्यम से क्षेत्र की बेटियों व महिलाओं को रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण सुविधा, कौशल विकास के विभिन्न अवसर, स्व-सहायता समूहों हेतु सहयोग एवं संसाधन और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए मार्गदर्शन व प्रोत्साहन मिलेगा। यह सदन सिर्फ एक भवन नहीं बल्कि ग्रामीण महिलाओं व बेटियों के समृद्ध भविष्य, आत्मनिर्भरता और सम्मान की ओर बढ़ता हुआ सशक्त कदम है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोशन दुबे, श्रीमती दुर्गा सिंह, सुदर्शन कुम्भकार, नरेश साहू, धरमपाल कौशिक, दारासिंह राजपूत, शिवम कुंभकार, धनराज परमार, धूरसिंह, भीखू साहू, कामदेव कौशिक, भगवत कौशिक, लीलेश्वर वैष्णव, अनिल वैष्णव, गौतम वैष्णव, रामदेव कौशिक, मेनका लहरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

## शिक्षिका ने रचा इतिहास, नई ध्यान-पद्धति और पुस्तक बनी प्रदेश में चर्चा का विषय



▪ शिक्षिका द्वारा ध्यान, योग, विजुअलाइजेशन, ब्रेन डांस, ओम-चैन्टिंग की प्रभावी समावेश।

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

प्रदेश में जारी नवीनतम सोशल ऑडिट रिपोर्ट ने शिक्षा व्यवस्था में आई गंभीर गिरावट को उजागर करते हुए बताया है कि प्रदेश के 9843 स्कूलों में कक्षा 3 के बच्चे न तो गिनती जानते हैं और न ही अक्षर पहचान कर पाते हैं। इसी चिंताजनक स्थिति के बीच कवर्धा जिले की शिक्षिका विधि तिवारी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अगरीकला द्वारा विकसित नई ध्यान-पद्धति बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान की कमी को दूर करने के लिए एक आशाजनक पहल बनकर सामने आई है। राज्य के 38955 स्कूलों में किए गए सर्वेक्षण में यह स्पष्ट हुआ कि बड़ी संख्या में बच्चे एकाग्रता की कमी, मानसिक विचलन और पढ़ाई में रुचि की कमी के कारण सीखने में पिछड़ रहे हैं। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई, यह पद्धति बच्चों के मानसिक, भावनात्मक और शैक्षणिक विकास में प्रभावी साबित हो रही है।

शिक्षिका द्वारा ध्यान, योग, विजुअलाइजेशन, ब्रेन डांस, ओम-चैन्टिंग और भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक तकनीकों के साथ जोड़कर तैयार की गई यह विधि बच्चों को तनाव मुक्त होकर पढ़ाई करने, खेल-खेल में ध्यान सीखने और गिनती व अक्षर ज्ञान में उल्लेखनीय सुधार करने में मदद कर रही है। इस पद्धति पर आधारित पुस्तक के प्रकाशित होते ही यह बच्चों और छात्रावासों में अत्यंत लोकप्रिय हो गई है तथा कई स्थानों से मांग उठी है कि पुस्तक को सभी स्कूलों और छात्रावासों में उपलब्ध कराया जाए। नई पद्धति के प्रभाव से स्पष्ट हुआ है कि यदि बच्चों के मन और मस्तिष्क पर केंद्रित गतिविधियों को शिक्षा में जोड़ा जाए तो उनकी सीखने की क्षमता, उपस्थिति, पढ़ाई में रुचि और व्यवहार में तेज सुधार देखा जा सकता है। जिले के छात्रावासों में इस मॉडल को अपनाने के बाद बच्चों की एकाग्रता में वृद्धि, व्यवहारिक सुधार, सीखने की गति में बढ़ोतरी और मानसिक तनाव में कमी जैसे परिणाम सामने आए हैं, जो यह संकेत देते हैं कि राज्य स्तर पर इसे लागू करने पर बड़े पैमाने पर सकारात्मक बदलाव संभव हैं।

शिक्षिका ने राज्य शिक्षा विभाग से आग्रह किया है कि इस पद्धति को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पूरे प्रदेश में लागू किया जाए और उन्हें जिला तथा राज्य स्तर पर शिक्षक प्रशिक्षण का अवसर प्रदान किया जाए, ताकि इसे छत्तीसगढ़ के मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जा सके। शिक्षिका ने इस कार्य में अवसर प्रदान करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एफएआर वर्मा तथा शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

### संशोधन के नाम पर भटक रहे ग्रामीण किसानः सुरेश चंद्राकर



**हरिभूमि कोलेगांव।** जिला कवर्धा किसान कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिला महासचिव सुरेश कुमार चंद्राकर ने बताया कि फसल संशोधन के नाम पर किसानों को इधर-उधर भटकाने मजबूर कर कभी सोसायटी के चक्कर तो कभी तहसील कार्यालय के चक्कर काटने मजबूर है। फिर भी शासन-प्रशासन कुंभकर्णीय नींद में सोई हुई है। अर्थात संशोधन के लिए दर-दर भटक रहे हैं और शासन-प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जा रहा है। जिससे किसानों के सिर पर चिंता के लकीर दिखाई पड़ रहे हैं, संबंधित विभाग द्वारा एक पत्र जारी किया गया है, जिसमें संशोधन का कार्य 30 नवंबर से बढ़ाकर 15 दिसंबर तक संशोधन का कार्य सोसायटी के माध्यम से किया जाएगा, लेकिन सोसायटी में जाने पर किसानों को ये कहकर वापस भेज दिए जा रहे हैं कि साइट खुल नहीं रहे हैं, जो समझ से परे है। इससे स्पष्ट होता है कि समय-सीमा बढ़ाने के नाम पर किसानों के साथ धोखा, किसान विरोधी है। बहुत से ऐसे किसान हैं जो संशोधन के आस में दर-दर भटक कर अपनी व्यथा आप बीती बताकर शासन-प्रशाशन को कोष रहे हैं और आने वाले समय में इनका नतीजा भयंकर होगा। जिस पर शासन-प्रशासन से अपील कर जन सेवा या किसानों की वास्तविक में हित चाहती है तो तत्काल साइट ओपेंड कर संशोधन का कार्य निष्पादन किया जाना चाहिए।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मिल रही मजबूतीः विजय शर्मा

## उपमुख्यमंत्री ने किया सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत और दृढ़ प्रयासों का परिणाम है कि कबीरधाम जिला आज शहर से लेकर गांव तक चहूमुंखी विकास कर रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने आज प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम कोको में 2 करोड़ 97 लाख रुपए की लागत से 4.30 किमी लंबे मोहगांव, छांटा, कोको सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। यह सड़क केवल यातायात सुविधा का माध्यम नहीं, बल्कि ग्रामीणों के जीवन में आने वाले आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक परिवर्तन का आधार बनेगी। वर्षों से सड़क संपर्क के अभाव में रहे ग्रामीणों के लिए यह निर्माण नई उम्मीद, नया अवसर और नया भविष्य लेकर आएगा। ग्रामवासियों ने सड़क निर्माण के लिए उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा से आग्रह किया था, जिसे उन्होंने प्राथमिकता देते हुए मंजूरी प्रदान की। आज भूमि पूजन के साथ ही इस बहुप्रतीक्षित निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत हो चुकी है, जिससे पूरा क्षेत्र विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कार्यक्रम में क्षेत्र के व्यापक विकास के लिए कई घोषणाएं भी कीं। उन्होंने हॉयर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण की घोषणा करते हुए स्कूल परिसर के समतलीकरण के लिए 3.50 लाख रुपए की घोषणा की। सीसी रोड के लिए 2.60 लाख रुपए तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु मंच निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपए की घोषणा की। सहकारी समिति पहुंच मार्ग के लिए सीसी रोड निर्माण छांटा, कोको मार्ग के बीच मुरमीकरण के लिए 5 लाख रुपए और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए सायकिल स्टैंड निर्माण की घोषणा भी की। इन सभी घोषणाओं ने साफ कर दिया कि विकास केवल सड़क तक सीमित नहीं, बल्कि शिक्षा बुनियादी ढांचे और सांस्कृतिक गतिविधियों के समग्र उन्नयन के साथ क्षेत्र एक नई ऊंचाई की ओर बढ़ रहा है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू उपाध्यक्ष, कैलाश चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### पीएमजीएसवाय से जिले में 48 सड़कों के निर्माण की मिली स्वीकृति



**हरिभूमि कवर्धा।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय की अनुशंसा व प्रयास से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जिले में कुल 48 सड़कों की स्वीकृति मिली है। इसमें विकासखंड पंडरिया के 25, बोड़ला के 16, सहसपुर लोहारा के 6 व कवर्धा के 1 सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है। सांसद संतोष पांडेय क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। लोकसभा में भी प्रमुखता के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठा चुके हैं। सांसद संतोष पांडेय ने जिले के अनेक आवश्यक स्थानों में सड़क निर्माण को लेकर प्रयासरत थे। उन्होंने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज चौहान को पत्र लिखकर जिले के विभिन्न स्थानों में सड़क निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान करने की मांग की थी। साथ ही लोकसभा में शून्य काल के माध्यम से भी केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया था। इसके फलस्वरूप केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिले में 48 सड़कों की स्वीकृति प्रदान की है। इसकी अनुमानित लागत लगभग 115.02 करोड़ रूपए है। जो 48 बसावटों को सड़क संपर्कता प्रदान करेगी। उक्त सड़कों के निर्माण हो जाने से आवागमन सुगम हो जाएगा। राहगीरों को सुविधा मिलेगी। विकासखंड पंडरिया के भटरूसे से पथर्री कंझेटी, बोहिल मार्ग से झूमर, सोमनापुर से मोतेसरा, देवसरा मार्ग से पंडरीपथरा, छिंदीडीह से टिकराटोला, जकना मार्ग से धोबे, केसमर्दा मार्ग से गाड़ासरई, दमगढ़ से लुढुटोला, दमगढ़ मुख्य मार्ग लुढुटोला से चारभाठा, बांगर मार्ग से एरुंगटोला, बिरहुलडीह से करालु, दीवानपटपर से चिखलापानी, बांगर मार्ग से धारटोला, महीडबरा से नवापारा, बोहिल से फिफलीपानी, भेलकी मुख्य मार्ग से चुलटोला बदनाटोला, कांदावानी से डेंगूरजाम-अमनिया, बिरहुलडीह से लिफडी, बदना मार्ग से कारीढाप, दमगढ़ से महुआपानी, अमनिया बरटोला मार्ग से ढोलढोली-डोकरीघटिया, बांगर मुख्य मार्ग से कोटनापानी(टोलापारा), भैंसाडबरी से भंडराटोला, भेंड्रागढ़ से भेंड्रागढ़ बैगापारा, डालामौहा से पीपलाकछार तक सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है। वहीं विकासखंड सहसपुर लोहारा के पेंड्रा से पावले, पैलपार से गोरखपुर खुर्द, सूरजपुरा से कुम्हारी, कुटकीपारा से सिंघरापारा, सारी से रेलई, छोटूपारा से बेलहरी तक सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है। इसी प्रकार विकासखंड बोड़ला के मुड़घुसरी मुख्य मार्ग से कोमो(बिजेधाप), मुख्य मार्ग से जैताटोला-चाटा, छूहीनारा से आमानारा, खुमान से बंदूकुंडा, मुख्य मार्ग से माराडबरा(बैगा बस्ती), नंदनी से नंदनी पारा, दलदली मुख्य मार्ग से बरघाट, सहसपुर लोहारा रेंगाखार मार्ग से तेंदूटोला, मुड़घुसरी जंगल से बंजारिहा बैगाटोला, छुही से आमाकोन्हा(राली), धुमाछापर से औराघोघरा, बोड़ला कोडार मार्ग से भाठाखार(बैगाटोला), बरेंडा से कोसाटोला, तरेगांव चरणतीरथ मार्ग से जुनपानी, लरबक्की मार्ग से थारपथरा, भोरमदेव मार्ग से थंवरझोल तक सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है। वहीं विकासखंड कवर्धा के मुख्य मार्ग से बीजाझोरी तक सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है। सांसद संतोष पांडेय ने उक्त सड़कों की स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया।

जिले की स्कूली व महाविद्यालयीन शिक्षा व्यवस्था पर उठाए कई गंभीर सवाल

# अभाविप ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर घेरा जिला कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा विधायक तथा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जहां एक तरफ जिले में संचालित शासकीय स्कूलों को स्मार्ट बनाने में जुटे हुए हैं वहीं दूसरी तरफजिले की स्कूल शिक्षा व्यवस्था से लेकर महाविद्यालीय शिक्षा व्यवस्था को लेकर न सिर्फ विद्यार्थियों द्वारा बल्कि विभिन्न छात्र संगठनो द्वारा लगातार उंगली उठाई जा रही है। अभी सोमवार को ही इस बेहद गंभीर विषय को लेकर एनएसयुआई के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय कवर्धा के पीजी कॉलेज में जोरदार प्रदर्शन करते हुए उप मुख्यमंत्री तथा कॉलेज प्रबंधन का पुतला फूंककर अपनी नौ सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा था वहीं दूसरे दिन इसी विषय को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जिला कार्यालय का घेराव किया और अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर सीधे जिला कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। अभाविप के जिला संयोजक गजाधर वर्मा ने बताया की जिले में स्कूल शिक्षा से लेकर महाविद्यालयीन शिक्षा संस्थान सुरक्षित नहीं है। उन्होने कहा कि अभी हाल ही में जिले के विकासखण्ड पंडरिया के अंतर्गत कुई छात्रावास में जिस प्रकार अधिक्षीका द्वारा बालिका से अपने पति के कपड़े धुलाने के नाम पर मारपीट का मामला सामने आया है, आगरपानी छात्रावास के अंदर बालकों द्वारा जिस प्रकार खुलेआम धूमपान करने की घटना सामने आई है वहीं जिला मुख्यालय कवर्धा में संचालित पीजी कॉलेज के कर्मचारी से मारपीट का मामला सामने आया है उसे देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले के शैक्षणिक संस्थानो की क्या स्थिति है। उन्होने हैरानी जताते हुए है कि इस तरह के मामले लगातार सामने आने के बाद भी शासन-प्रशासन जिम्मेदारों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है जो चिंता का विषय है। अभाविप के प्रदेश संयोजक तुलसी यादव ने कहा कि जिले की शैक्षणिक व्यवस्था चरमरा गई है। अधिकारी कर्मचारी अपने में मस्त हैं। व्यवस्था सुधार करने में किसी का ध्यान नहीं है। शिक्षक स्वयं नेताओं की तरह काम कर रहे हैं जिससे शैक्षणिक संस्थाओं की व्यवस्था गर्त में जा रही है। उन्होंने कहा कि इन्हीं तमाम विषयों को लेकर आज अभाविप ने जिला कार्यालय का घेराव कर अपनी दस सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से अभाविप के सेवा कार्य संयोजक तुलसी यादव, जिला संयोजक गजाधर वर्मा, नगर मंत्री परमेश्वर साहू, हिरेन्द्र बघेल, उदय तिवारी, महेंद्र, अजय साहू, गोपाल जायसवाल, अजय सहित बड़ी संख्या में अभाविप के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मांगों को लेकर शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर की नारेबाजी



अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर हाथो में झंडा, बैनर लेकर जिला कार्यालय पहुंच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कबीरधाम के सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यालय के सामने एकत्र होकर जमकर शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में कार्यकर्ता जिला कार्यालय का मुख्य द्वार लांघकर कार्यालय के भीतर घुस गए और यहां भी उन्होने जमकर नारेबाजी की तथा धरने पर बैठ गए। जिसके बाद कलेक्टर ने अभाविप के प्रतिनिधि मण्डल को मुलाकात के लिए बुलाया और उनसे मांगों व समस्याओं पर चर्चा की। अंततः कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बातचीत कर समस्याओं का त्वरित निदान का आश्वासन दिया जिसके बाद अभाविप ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

## दस सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन, कलेक्टर ने दिया आश्वासन

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मुख्य रूप से पंडरिया ब्लाक अंतर्गत पंडरी में स्थित छात्रावास के अंदर विधार्थियों द्वारा धुम्रपान किए जाने व जमीन पर भोजन करते के मामले में जांच व कार्यवाही किए जाने, पंडरिया ब्लाक अंतर्गत कुई में अधीक्षिका द्वारा आदिवासी बच्ची से अपने पति के कपड़े धुलवाए जाने व मारपीट करने के मामले में अधिक्षिका के खिलाफ कठोर कार्यवाही किए जाने, जिले के विभिन्न छात्रावासों की जर्जर स्थिति को दुरूस्त किए जाने,, पीजी कॉलेज में करोड़ों गबन करने वाले आरोपी अभी भी शासन के गिरफ्त से बाहर, उन्हें गिरफ्तार करने और गबन की राशि की राशि की रिकवरी किए जाने, कन्या महाविद्यालय कवर्धा को पीजी का दर्जा दिए जाने साथ ही भवन निर्माण जल्द किए जाने, पीजी कॉलेज में कुछ दिन पहले ही बाहरी व्यक्तियों द्वारा चपरासी को कालेज परिसर में ही जान से मारने की कोशिश किया इस मामले में कार्यवाही किए जाने, गैर लाइसेंसधारी कोचिंग संस्थानों पर जल्द कार्रवाई कर रोक लगाए जाने, पोड़ी में संचालित शराब दुकान को बंद किए जाने तथा बोड़ला महाविद्यालय, पंडरिया महाविद्यालय, लोहारा महाविद्यालय जो कई सालों से बना हुआ उनके भवन निर्माण जल्द कराए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

# उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के लिए चिकित्सकों का सम्मान

उपमुख्यमंत्री ने चिकित्सकों का सम्मान कर साथ किया रात्रि भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा में स्वास्थ्य सुविधाओं को उत्कृष्ट बनाने के लिए अपना योगदान देने वाले चिकित्सकों के सम्मान में समारोह का आयोजन उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कवर्धा के जिला अस्पताल एवं निजी अस्पतालों के चिकित्सक उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ने सभी के साथ इस समारोह में शामिल हुए और सभी को साल श्रीफल भेंट कर सम्मानित कर सभी के साथ रात्रि भोज किया। उन्होंने सभी से कवर्धा में चिकित्सा सेवाओं को और बेहतर बनाने पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जिले के सुदूर वनांचलों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की सेवा करने वाले चिकित्सकों को विशेष रूप से सम्मानित किया। उन्होंने सभी चिकित्सकों से कवर्धा में उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के लिए चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि चिकित्सक आधे भगवान होते हैं किसी भी आपात स्थिति में लोगों की जान बचाने का कार्य करते हैं, यह काम सेवा भावना से ही किया जा सकता है। यहां कवर्धा के स्थानीय चिकित्सकों के साथ बाहर से आये चिकित्सकों ने भी कवर्धा को अपना कर यहां के लोगों की पूरे मन से सेवा की है जिसके लिए पूरा कवर्धा आपका आभारी है। उन्होंने बताया कि कवर्धा स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए 50 बिस्तरीय मातृत्व एवं शिशु अस्पताल हेतु 40 पद की स्वीकृति, जिला अस्पताल कबीरधाम में 16.63 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक, सिटी स्कैन, अत्याधुनिक इंट्रीगेटेड पब्लिक हेल्थ लैब, ओटी एवं हमर लैब में पॉवर बैकअप प्रणाली, जिला चिकित्सालय कबीरधाम की क्षमता 100 बिस्तर बढ़ाकर 220 बिस्तर करने एवं इसके लिए 258 नवीन पदों को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रेंगाखार को एम्बुलेंस, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में सोनोग्राफी मशीन प्रदान किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में रहने हेतु शासकीय आवास, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसपुर लोहारा में पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ किया गया है। उपस्वास्थ्य केन्द्र राजा नवागाँव को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तरेगाँव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन किया गया। सबसे अहम 318.27 करोड़ रूपए की लागत से मेडिकल कॉलेज निर्माण की स्वीकृति मिली है जिससे अब कवर्धा मेडिकल हब बनने जा रहा है। यहां महानगरों जैसी सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। उपमुख्यमंत्री ने सभी चिकित्सकों को बताया कि आगामी 11 दिसम्बर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा कवर्धा मेडिकल कॉलेज की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूजित आधार शिला का शिलान्यास किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने के लिए उन्होंने सभी को आमंत्रित किया।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर में 99 प्रतिशत से ज्यादा डिजिटेशन

**कवर्धा।** जिले में चुनाव आयोग के एसआईआर का काम अब लगभग खत्म होने को है। सोमवार की स्थिति में एसआईआर फॉर्म 99 प्रतिशत से ज्यादा डिजिटेशन (ऑनलाइन एंट्री) हो चुका है। एसआईआर के आवेदन की अंतिम तारीख 11 दिसंबर है।

### महाविद्यालय ने जारी किए परीक्षा परिणाम

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विश्व विद्यालय ने पुन पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। इसमें वार्षिक परीक्षा मार्च-अप्रैल 2025 के विभिन्न कक्षा के उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति प्रदान करने के बाद परीक्षार्थियों द्वारा पुनः पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदित आवेदन के आधार पर परिणाम विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### ऑनलाइन फोटोग्राफी स्पर्धा 15 दिसंबर तक

**कवर्धा।** पर्यटन बोर्ड द्वारा राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के मौके पर ऑनलाइन फोटोग्राफी स्पर्धा का आयोजन किया है। इस संबंध में विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 21 दिसंबर तक विशेष गतिविधि व प्रतियोगिता श्रृंखला आयोजित की जा रही है। बोर्ड ने 8 से 15 दिसंबर तक ऑनलाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया है। अधिक जानकारी के लिए बोर्ड के वेबसाइट को देख सकते हैं।

# धान का अवैध परिवहन: 14 क्विंटल धान और पिकअप जब्त

- मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ लाई जा रही थी अवैध धान की खेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



थाना झलमला पुलिस ने मंगलवार को वाहन चैकिंग के दौरान धान का अवैध परिवहन करने वाले एक वाहन को पकड़ने में सफलता हांसिल की है। बताया जाता है कि वाहन में अवैध रूप से धान का परिवहन कर छत्तीसगढ़ लाई जा रही थी। जहां इस धान को समर्थन मूल्य में किसी धान खरीदी केन्द्र में खपाने की योजना थी लेकिन इससे पूर्व ही अवैध धान पकड़ ली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अ धी क्ष क कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं डीएसपी संजय ध्रुव के मार्गदर्शन में अवैध धान परिवहन पर कठोर कार्यवाही करने निर्देश प्राप्त होने पर थाना झलमला द्वारा 09 दिसंबर 2025 की रात्रि में विशेष कार्रवाई की गई। ग्राम समनापुर क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ की ओर अवैध धान परिवहन करते हुए एक पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 07 सीई 4920 को रोका गया। वाहन चालक विजय बसंत पिता गुरुमूख बसंत उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम छपला, थाना बिरसा, जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश) से पूछताछ करने पर परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। अवैध धान परिवहन का संदेह पुख्ता पाए जाने पर मौके से पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 07 सीई 4920 जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 200000 रुपए तथा 14 क्विंटल धान जिसकी कीमत लगभग 44000 रुपए, कुल जुमला 244000 रुपए का माल जप्त किया गया। मामले में थाना झलमला में इस्तगाशा क्रमांक 01/2025 धारा 106 भानासुसं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। थाना झलमला पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई सतत रूप से जारी रहेगी।

# शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक और एसआईआर पर हुई समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण मासिक बैठक शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर की उपस्थिति में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में बीएलओ, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, शहर कांग्रेस पदाधिकारी एवं सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सहभागिता दर्ज कर संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान कवर्धा शहर के विभिन्न वार्डों के बूथ स्तर पर चल रहे एसआईआर कार्यों की जानकारी ली गई। प्रत्येक बूथ में चल रही गतिविधियों, मतदाता सूची से संबंधित बिंदुओं एवं संगठन के कार्यों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए आवश्यक सुझावों पर विस्तार से चर्चा हुई। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र की रिपोर्ट साझा की और आगामी कार्ययोजना पर महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रस्तुत किए। संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने, जनता से निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा आने वाले कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक निर्णय लिए गए। बैठक उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई और सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कांग्रेस विचारधारा को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया जहाँ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे शहर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कवर्धा अशोक सिंह ठाकुर, संगठन प्रभारी गोपाल चंद्रवंशी ,पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी संतोष यादव, एनएसयुआई जिला अध्यक्ष शितेश चंद्रवंशी मंडल अध्यक्ष दीपक ठाकुर, मंडल अध्यक्ष गणेश योगी, डोगेंद्र सेन शहर महामंत्री कवर्धा, जितेंद्र जैन कोषाध्यक्ष शहर कांग्रेस, धीरज सिंह, गुड्डू ठाकुर, देवराज पाली,मेहुल सत्यवंशी आदि नरेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।

# स. लोहारा महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶स. लोहारा




शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में मंगलवार को एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय कबीरधाम व महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न किया गया। इस शिविर में ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय कबीरधाम के अधिकारी डॉ एसके शर्मा (पैथोलॉजी विशेषज्ञ), जीवन कौशिक वाइस चेयरमैन रेडक्रॉस, बलराम साहू जिला संयोजक, पंच तिलक सिंह मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिकल, विवेक खाखा, गोपाल दास मानिकपुरी, आलिंद कुमार साहू, शाहिद खान उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय परिसर से लगभग 8 छात्र-छात्राओं व सहायक प्राध्यापको द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया तथा अधिक से अधिक संख्या में छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्य परीक्षण व ब्लड ग्रुप जांच कराया । इस कार्यक्रम में संस्था प्रमुख महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ केएस परिहार, संदीप कुमार सोनकर समस्त प्राध्यापक गण अधिकारी व कर्मचारी, एनएसएस, एनसीसी, रेड रिबन, रेड क्रॉस एवं समस्त छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

## पैरा न जलाएं, गौधाम के लिए दान करें किसान: कलेक्टर गोपाल वर्मा

**कवर्धा।** खेतों में फसल कटाई के बाद बचने वाले पैरा (पराली) को जलाने से हो रहे पर्यावरणीय नुकसान को रोकने और गौवंश को पर्याप्त चारा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कबीरधाम जिले के कलेक्टर गोपाल वर्मा ने किसानों से पैरा नहीं जलाने और उसे गौधाम के लिए दान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पैरा जलाने से न केवल मिट्टी की उपजाऊ क्षमता को कम करती है, बल्कि वायु प्रदूषण बढ़ाकर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी जन्म देती है। कलेक्टर श्री वर्मा ने किसानों से आग्रह करते हुए कहा कि पैरा जलाने से मिट्टी में मौजूद लाभकारी जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे कृषि उत्पादकता प्रभावित होती है। धुएं के कारण वातावरण दूषित होता है और अस्थमा, खांसी तथा एलर्जी जैसी बीमारियां बढ़ने का खतरा रहता है। अल्पकालिक सुविधा के लिए अपनाई जाने वाली यह प्रक्रिया भविष्य में खेती पर प्रतिकूल असर डालती है। उन्होंने कहा कि गौवंश के लिए पैरा दान करने से पशुओं के लिए बड़े पैमाने पर चारे की व्यवस्था होगी। कलेक्टर ने कहा कि पैरा दान से किसानों के खेत स्वच्छ रहेंगे, मिट्टी की संरचना सुरक्षित रहेगी और गौधाम में पशुओं के देखरेख को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कृषि विभाग, जनप्रतिनिधियों और स्वयंसेवी संगठनों से आग्रह किया कि वे किसानों को प्रेरित कर इस अभियान को व्यापक बनाएँ। कलेक्टर श्री वर्मा ने विश्वास जताया कि किसानों के सहयोग से जिला स्वच्छ पर्यावरण और बेहतर गौसंरक्षण की दिशा में सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करेगा। उप संचालक पशुपालन विभाग डॉ. एस. के. मिश्रा ने बताया कि कबीरधाम जिले में 24 स्थानों में गौधाम बनने की अनुशंसा हो चुकी है।

जिले में नियुक्त 40 पुलिस मितानों को अधीक्षक ने बांटी सड़क सुरक्षा किट

# सड़क सुरक्षा के लिए पुलिस मितान को बनाया जा रहा और सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस मितान थाना-चौकी में नियुक्त कुल 40 पुलिस मितानों को सड़क सुरक्षा किट प्रदान की गई। यह सभी पुलिस मितान सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायलों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने तथा उन्हें पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल भी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने सभी पुलिस मितानों को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद शुरुआती गोल्डेन ऑवर में दी गई सहायता कई बार जीवन बचाने में निर्णायक सिद्ध होती है। पुलिस मितान इस दिशा में पुलिस का मजबूत सहायक तंत्र हैं और उनके सहयोग से जिले में सड़क दुर्घटनाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्य और अधिक प्रभावी होंगे। उन्होंने सभी मितानों को जागरूकता, तत्परता और मानवता के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। एसडीओपी यातायात कृष्णा चंद्राकर ने जानकारी दी कि पुलिस मितान विशेष रूप से हाइवे और मुख्य सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं में घायलों की सहायता कर उन्हें अस्पताल पहुंचाने तक मदद करते हैं। उन्होंने बताया कि आज उन्हें जो किट प्रदान की गई है, उसमें हाई-इंटेंसिटी लाइट, पानी की बोतल, रस्सी, ग्लव्स, रेडियम बेल्ट तथा अन्य आवश्यक आपदा सहायता सामग्री शामिल है। इन सामग्रियों के माध्यम से पुलिस मितान अब और भी प्रभावी तरीके से राहत कार्य कर पाएंगे। यातायात प्रभारी अजय कांत तिवारी ने बताया कि यदि जिले का कोई भी नागरिक मानव सेवा की भावना से प्रेरित होकर पुलिस मितान बनना चाहता है और दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने के लिए आगे आना चाहता है, तो वह यातायात पुलिस से संपर्क कर सकता है। ऐसे सेवाभावी व्यक्तियों को प्रशिक्षण एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। पुलिस प्रशासन का यह प्रयास सड़क सुरक्षा के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने और दुर्घटना राहत व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# पल्स पोलियो अभियान 21 से 23 दिसम्बर तक 0-5 वर्ष तक के बच्चों को दी जाएगी खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिले में 21 से 23 दिसंबर 2025 तक व्यापक पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान संपन्न होने जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अभियान की तैयारी के संबंध में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से पूरे कार्यकम की विस्तृत रूपरेखा की जानकारी देते हुए इसके विभिन्न चरणों के बारे में बताया गया। इस मौके पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान हमारे 0-5 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम है। इस उम्र के सभी बच्चों को पोलियो टीके की खुराक दी जानी है। उन्होंने कहा कि भारत से पोलियो का 2014 में उन्मूलन किया जा चुका है किन्तु अभी भी भारत के पड़ोसी देशों और कुछ यूरोपीय देशों में पोलियो के केसेज सामने आए हैं, ऐसे में हमारे देश में एहतियातन यह कार्यक्रम चलाए जाते हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को 21 दिसंबर को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की वैक्सीन अवश्य पिलावें। कलेक्टर श्री वर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी. के. तूरे सहित शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत व अन्य संबंधित विभाग से समन्वय कर समस्त 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियों की दवा पिलाये जाने व प्रचार-प्रसार करने निर्देशित किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक, श्रीमती अनुपमा तिवारी द्वारा बताया गया कि विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत 28525, बोड़ला 24758, स.लोहारा 20175 तथा पण्डरिया में 39625 कुल 1,13,083 (एक लाख तेरह हजार तिरासी) बच्चो को कार्ययोजना अनुसार पोलियो की वैक्सीन पिलाये जाने का लक्ष्य है।